राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0)
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226002
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 3942/241/एनयूएलएम/तीन/(EST&P) 2018-19 (Trg.)Vol-II दिनांक 30-8-19

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
जनपद–रामपुर, हरदोई, मुरादाबाद, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, बरेली, गाजीपुर, रायबरेली, बांदा, फिरोजाबाद, बदायूँ, बलिया, शाहजहाँपुर, अमरोहा, अलीगढ़, मथुरा, औरैया, ललितपुर, झांसी, देवरिया, अम्बेडकर नगर, कासगंज, बाराबंकी, सम्भल, मेरठ एवं इटावा।

विषयः दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक EST&P के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 में प्रशिक्षित एवं सेवायोजित किये गये लाभार्थियों के एम0आई0एस0 पोर्टल पर अंकित विवरण को सत्यापन एवं ट्रैकिंग के पश्चात् भुगतान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या–3794 दिनांक 03.10.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो वित्तीय वर्ष 2015–16, 2016–17, 2017–18 एवं 2018–19 में प्रशिक्षित एवं सेवायोजित किये गये लाभार्थियों के एम0आई0एस0 पोर्टल पर अंकित विवरण का सत्यापन एवं ट्रैकिंग करने के पश्चात् आपके जनपद को अवमुक्त की गयी धनराशि के भुगतान किये जाने के संबंध में है। पर्याप्त समय व्यतीत होने के पश्चात् भी पत्र के साथ संलग्न सूची के अनुसार आपके जनपद में धनराशि भुगतान हेतु अवशेष है।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लगातार उपयोगिता प्रमाण पत्र (UC) की मांग की जा रही है। उपयोगिता प्रमाण पत्र न भेजे जाने के कारण वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए बजट प्राविधान काफी कम कर दिया गया है।

30-8-19

इस कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 03.10.2018 में निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही कराये जाने की अपेक्षा की गयी थीः–

1. पोर्टल पर लाभार्थियों का आधार नम्बर का अंकन एस0टी0पी0 के द्वारा किया गया है अथवा नहीं ?
2. एम0आई0एस0 पोर्टल पर अंकित लाभार्थी को संबंधित संस्था के द्वारा प्रशिक्षित किया गया है अथवा नहीं ?
3. लाभार्थी को प्रमाण–पत्र (सर्टिफिकेट) संबंधित संस्था के द्वारा प्राप्त कराया गया है अथवा नहीं ?
4. संबंधित लाभार्थी का यदि सेवायोजित विवरण पोर्टल पर अंकित है, तो वास्तव में उनका सेवायोजन हुआ है अथवा नहीं ?
5. बिन्दु सं0–04 के अनुसार यदि संबंधित लाभार्थियों का सेवायोजन हुआ है तो एक वर्ष तक सेवायोजन संबंधी ट्रैकिंग नियमानुसार कराया जायें।

अतः अनुरोध है कि उक्त दिये गये निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षणोपरान्त सन्तुष्ट होने के पश्चात् प्रशिक्षण प्रदाता संस्था को भुगतान करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित को देने का कष्ट करें। यदि 15 दिवसों में कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं को भुगतान नहीं हो पाता है तो ऐसी दशा में अवशेष धनराशि को मुख्यालय को वापस किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः यथोपरि।

o/c 29/8/2019

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संबंधित सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक, शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/जिला नगरीय विकास अभिकरण को इस आशय से प्रेषित कि उक्त धनराशि के भुगतान हेतु आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करायें।
2. संबंधित परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ कि संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करके नियमानुसार भुगतान कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

o/c 29/8/2019

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

EST&P घटक के अन्तर्गत शहरवार अवशेष धनराशि		
S. NO.	**CITIES**	**BALANCE**
1	RAMPUR (NPP)	289.11
2	HARDOI (NPP)	70.47
3	MORADABAD (M Corp.)	67.96
4	MAUNATH BHANJAN (NPP)	55.27
5	AZAMGARH (NPP)	52.35
6	JAUNPUR (NPP)	43.5
7	BAREILLY (M Corp.)	37.52
8	GHAZIPUR (NPP)	37.52
9	RAEBARELI (NPP)	34.37
10	BANDA (NPP)	30.06
11	FIROZABAD (M. Corp)	26.88
12	BADAUN (NPP)	24.32
13	BALLIA (NPP)	23.07
14	SHAHJAHANPUR (NPP)	22.97
15	CHANDAUSI (NPP)	20.69
16	AMROHA (NPP)	20.63
17	ALIGARH (M Corp.)	18.2
18	MATHURA (NPP)	18.07
19	AURAIYA (NPP)	16.69
20	LALITPUR (NPP)	16.68
21	JHANSI (M Corp.)	15.28
22	DEORIA (NPP)	12.54
23	AKBARPUR(AMBEDKAR NAGAR)	11.82
24	KASGANJ (NPP)	11.05
25	BARABANKI(NAWABGANJ)	10.97
26	SAMBHAL (NPP)	10.55
27	MEERUT (MCorp.)	10.5
28	ETAWAH (NPP)	10.41

AAO